Building Business Owners

# आईआईएम में एमबीए के लिए संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा

**रायपुर@पत्रिका.** भारतीय प्रबंध संस्थान काशीपुर, रायपुर, रांची और तिरुचिरापल्ली ने एमबीए में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 की घोषणा की है। आईआईएम रायपुर प्रवेश प्रक्रिया 2026 का संयोजक होगा और चारों सहभागी संस्थानों के लिए प्रवेश प्रक्रिया का संचालन करेगा। संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यर्थी एक ही पोर्टल से चारों आईआईएम में आवेदन कर सकेंगे। कॉमन एडमिशन टेस्ट का परिणाम घोषित होने के पश्चात अभ्यर्थियों को संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से किसी भी सहभागी संस्थान में प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त होगी।

IIM-Patrika-Raipur_10 Sep 2025_Pg-03